Bharat Temples

आई सिंह पे सवार मईया

आई सिंह पे सवार, मईया ओढ़े चुनरी ll
ओढ़े चुनरी, मईया ओढ़े चुनरी l
आई सिंह पे सवार, मईया ओढ़े चुनरी ll

आदिशक्ति है मात भवानी, जय दुर्गे माँ काली l
बड़े-बड़े राक्षस संहारे, रणचंडी मतवाली ll
करती भक्तों का उद्धार, मईया ओढ़े चुनरी ll,
आई सिंह पे सवार,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

महिषासुर सा महाँबली, देवों को खूब सताया l
छीन लिया इन्द्रासन और, देवों को मार भगाया ll
करी देवों ने पुकार, मईया ओढ़े चुनरी ll,
आई सिंह पे सवार,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

दुर्गा का अवतार लिया, झट महिषासुर संहारी l
दूर किया देवों का संकट, लीला तेरी न्यारी ll
किया देवों पे उपकार, मईया ओढ़े चुनरी ll,
आई सिंह पे सवार,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

जो कोई जिस मनसा से माता, द्वार तुम्हारे आता l
हर इच्छा होती है पूरण, मुँह माँगा फल पाता ll
तेरा गुण गावे संसार, मईया ओढ़े चुनरी ll,
आई सिंह पे सवार,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

कष्ट अनेकों मुझको घेरे, कौन हरे दुख मेरे l
नाम तेरा रटता हूँ मईया, मैं हर साँझ सवेरे ll
सेवक करता है पुकार, मईया ओढ़े चुनरी ll,
आई सिंह पे सवार,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

अपलोडर- अनिलरामूर्तीभोपाल

Source: https://www.bharattemples.com/aai-singh-pe-swar-maiya/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw